दिनांक : 15/05/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

<u>प्रातःकालीन समाचार</u>

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,

1- पांच देशों की छह दिवसीय यात्रा पर आज रवाना होंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।
2- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने दिल्ली में केंद्रिय मंत्रियों से भेंट कर सिंहस्थ, कृषि, सिंचाई और यूसीसी जैसे मुद्दों पर किया मंथन।
3- देवास पटाखा फैक्ट्री हादसे के घायलों से मुख्यमंत्री ने जाना हाल, मामले में आरोपी संचालक गिरफ्तार, फैक्ट्री का लाइसेंस निरस्त।
4- मौसम विभाग ने इंदौर, उज्जैन, रतलाम, धार और देवास में आज तीव्र लू की चेतावनी जारी की।

प्रधानमंत्री- विदेश दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज संयुक्त अरब अमीरात-यूएई, नीदरलैंड्स, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की छह दिन की यात्रा पर रवाना होंगे। पांच देशों की यात्रा के पहले चरण में, श्री मोदी आज यूएई पहुंचेंगे, जहां वे राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय मुद्दों, विशेष रूप से ऊर्जा सहयोग, पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। यात्रा से पहले मीडिया से बातचीत में, विदेश मंत्रालय में पश्चिमी देशों के मामलों के सचिव, असीम महाजन ने कहा कि ऊर्जा, दोनों देशों के संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष यूएई, भारत के कच्चे तेल का चौथा सबसे बड़ा स्रोत था, जिसने भारत की लगभग 11 प्रतिशत आवश्यकता को पूरा किया। उन्होंने कहा कि

भारतीय कंपनियों ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी गैस के साथ लगभग 45 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष के दीर्घकालिक एलएनजी अनुबंध प्राप्त किए हैं।

सीएम दिल्ली दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही कई वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों, आधारभूत संरचना, धार्मिक पर्यटन, कृषि, सिंचाई, शहरी विकास और कानून व्यवस्था जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इन बैठकों को मध्यप्रदेश के विकास एजेंडे और आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने श्री शाह से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में नक्सल उन्मूलन अभियान की जानकारी दी।

वहीं, मुख्यमंत्री ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी भेंट कर प्रदेश के किसानों के हित में केंद्र सरकार से गेहूं खरीदी का लक्ष्य बढ़ाने की मांग की।

दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने एक सकारात्मक पहल करते हुए मेट्रो से सफर कर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के महत्व को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन में कमी और प्रदूषण नियंत्रण के लिए भी मेट्रो बहुत उपयोगी है।

देवास हादसा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास जिले के टोंककला में पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे के घायल नागरिकों से भेंट कर उनके उपचार की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस हादसे से प्रभावित लोगों की हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। अब तक इस हादसे में 4 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, हादसे में 27 लोग घायल हुए थे, जिन्हें देवास, इंदौर के विभिन्न

अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। देवास ज़िला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी पवन पाटीदार ने घायलों को लेकर जानकारी दी।

इस बीच पटाखा फैक्ट्री विस्फोट और आगजनी मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम-रासुका के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है। इधर, संभाग आयुक्त  आशीष सिंह ने टोंककला में संचालित आतिशबाजी विनिर्माण एवं विक्रय फैक्ट्री में हुई घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।

प्रधान-नीट बैठक

आगामी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-नीट की तैयारियों की समीक्षा के लिए कल शाम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसमें नीट परीक्षा को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उच्च शिक्षा सचिव, विद्यालय शिक्षा सचिव, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के महानिदेशक, सीबीएसई के अध्यक्ष और केंद्रीय विद्यालय संगठन तथा नवोदय विद्यालय समिति के आयुक्तों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

शौर्य संकल्प

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर आज 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026' का शुभारंभ करेंगी। भोपाल के समन्वय भवन में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया और स्थानीय विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित रहेंगे। भोपाल, रायसेन और नर्मदापुरम जिलों के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं भी

कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

यह योजना प्रदेश के 20 चयनित जिलों में संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य ओबीसी वर्ग के प्रतिभावान युवाओं को भारतीय सेना, पुलिस, होमगार्ड और अन्य अर्ध सैनिक बलों की भर्ती परीक्षाओं के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना है। योजना में प्रदेश भर से चयनित 4000 प्रतिभागियों को जिला स्तर पर 45 दिनों का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

काफिला कार्रवाई

राजनीति में शक्ति प्रदर्शन और वीआईपी संस्कृति पर बड़ा प्रहार करते हुए राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के नव नियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर के खिलाफ कार्रवाई की है। उज्जैन से भोपाल तक लगभग 200 गाड़ियों के काफिले के साथ पदभार ग्रहण करने पहुंचे ठाकुर को मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। साथ ही मामले के निराकरण तक उनके सभी प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। पूर्वी हिस्से के कुछ जिलों को छोड़कर पूरा प्रदेश हीट वेव यानी, लू की चपेट में है। मौसम विभाग ने इंदौर, उज्जैन, रतलाम, धार और देवास में 15, 16 और 17 मई को तीव्र लू की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, नर्मदापुरम, रायसेन, सीहोर, हरदा और झाबुआ में भी तीव्र लू चलेगी। भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, सागर और रीवा संभाग के जिलों में 18 मई तक लू चलेगी। इससे पहले कल शाजापुर

और छतरपुर के नौगांव में अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों शहर प्रदेश में सबसे गर्म रहे। वहीं, 9 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार दर्ज किया गया।

आईपीएल – क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में, मुंबई इंडियंस ने कल धर्मशाला में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 8 विकेट पर 200 रन बनाए। 201 रन का लक्ष्य मुंबई ने 6 विकेट और एक गेंद शेष रहते हुए हासिल कर लिया। तिलक वर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

प्रतियोगिता में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। लखनऊ में यह मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

1. खंडवा के शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में “शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के तहत आज से प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा।
2. आगरमालवा के सुसनेर आईटीआई में युवा संगम के तहत आज रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
3. डिंडोरी के सांदीपनि विद्यालय प्रांगण अमरपुर में कल मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामूहिक विवाह समारोह में 166 वर-वधु परिणय सूत्र में बंधे।
4. मंडला के रामनगर में आज से दो दिवसीय “आदि उत्सव” का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आज केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम शामिल होंगे।
5. गुना जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बरसाती नदी एवं सिद्ध की झिरिया क्षेत्र में साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

6. कलेक्टर शाजापुर ने आगामी त्यौहारों के चलते प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत बिना अनुमति धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक लगाई है।